Title: Need for proper maintenance of National Highway No. 26 between Narsinghpur and Lakhnadaun in Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 नरसिंहपुर से लखनादौन तक लगभग 70 किलोमीटर अत्यधिक जर्ज हालत में है। इस मार्ग पर पड़ने वाला माझा नाले का रपटा पिछली बरसात में टूट गया था तथा आवागमन बंद हो गया था। इस रपटे में पत्थर भरकर इसे चालू किया गया। पुनः वार्ा आने वाली है, परंतु रपटे का निर्माण आज भी नहीं हुआ। इसी मार्ग पर पड़ने वाली एक अन्य पुलिया की ऊंचाई इतनी कम है कि वार्ा में अनेकों बार पानी इसके ऊपर आ जाता है जिसके कारण कई-कई घंटे, कई बार तो दो-दो दिन तक यातायात बंद रहता है। राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 देश का महत्वपूर्ण मार्ग है, जो दिल्ली, आगरा, झांसी, सागर होता हुआ लखनादौन में देश के सबसे लम्बे राट्रीय राजमार्मग क्रमांक 7 में मिलता है। यदि इसकी मरम्मत पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो इस वर्ा की वार्ा ऋतु में इससे आवागमन बंद हो जाएगा।

मेरा भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री से विनम्र आग्रह है कि शीघ्र इसके पुनर्निर्माण पर ध्यान देने का कट करें।